Re-alignment of coal linkage by coal department

57. DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY: Will the Minister of ENERGY be pleased to state:

(a) whether there is any proposal for re-alignment of coal linkages by coal department; and

(b) whether Government will consider coal linkage to Manuguru and Muddanoor Thermal Projects of Andhra Pradesh in the Eighth Plan Period?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF COAL IN THE MINISTRY OF ENERGY (SHRI C. K. JAFFAR SHARIEF): (a) Except for minor changes necessitated by demand and supply conditions, no major re-alignment of established long term coal linkages of power plants is being done.

(b) Coal linkage for muddanur TPS C2x210 MW) has already been given. Looking to the demand and supply position of coal in respect of the Godavari Valley Coalfield during the Fighth Plan period, it has not been found possible to provide coal linkage to the proposed Manuguru TPS.

कन्वेयर बेल्ट का निर्माण

58. **श्री राम अवधेश सिंह** : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सी० सी० एल० ने करगरनी क्षेत्र में कोल वाशरी तक कोयला ले जाने के लिए कन्वेयर बेल्ट के निर्माण पर छः करोड़ रुपये खर्च किए थे लेकिन उक्त बेल्ट के निर्माण में असाधारण विलम्ब होने के कारण वहां कोयले के भंडार खत्म हो चुके हैं और कोल-वाशरी तक ले जाने के लिए कोयला नहीं बचा है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि उक्त निर्माण को तोड़ने के लिए करोड़ों रुपये की मांग की जा रही है ; और

(ग) क्या सरकार इस अपव्यय के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही करेगी ?

ऊर्जा मंत्रालय में कोयला विभाग में राज्य मंत्री (श्री सी.के.जाफर शरीफ) : (क) और (ख) सेंट्रल कोलफील्ड्स लि० ने सितम्बर 1986 में बोकारो कोलियरी से करगली वाशरी तक कोयले का परिवहन करने के लिए 3.82 करोड़ रुपये की लागत से (4.4 करोड़ रुपये की परिलक्षित लागत करने के मुकाबले में एक क्रास कंट्री कन्वेयर परिवहन प्रणाली चालू की। यह प्रणाली तभी से निरंतर कार्यरत है। एक खान के बंद हो जाने के कारण प्रणाली की लम्बाई को कम किए जाने के लिए अब एक अतिरिक्त बेंकर जोड़ा जा रहा है। इस प्रणाली को विखंडित किए जाने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

कोल हैंडलिंग प्लांट का बेकार रहना

59. **श्री राम अवधेश सिंह**: क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत कोकिंग कोल लि० के अधीन 10 करोड़ रुपये से अधिक लागत से निर्मित दर्जनों कोल हैंडलिंग प्लांट बेकार पड़े हैं और उनमें से केवल एक कोल हैंडलिंग प्लांट काम कर रहा है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि उपरोक्त कोल हैंडलिंग प्लांटों के निर्माण का कार्य दस वर्ष पहले शुरू किया गया था

(ग) क्या यह भी सच है कि आधे से अधिक नवनिर्मित कोल हैंडलिंग प्लांट